**चित्रकला – कोड 154**

**प्रदर्श प्रश्न पत्र**

**कक्षा – XII (2026–27)**

**समय – 2 घंटे** **अधिकतम अंक – 30**

---

**सामान्य निर्देश :**

• निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

• इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, जिनमें आंतरिक विकल्प शामिल हैं।

• खंड–क में 8 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनमें प्रत्येक 1 अंक का है।

• खंड–ख में 5 प्रश्न लघु उत्तरीय हैं, जिनमें प्रत्येक 2 अंक का है।
(उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें।)

• खंड–ग में 3 प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनमें प्रत्येक 6 अंक का है।
(तीन में से किसी दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में दें।)

**खंड-क** **(1 × 8 = 8 अंक)**

**1.** *'चौगान प्लेयर्स'* चित्र में दर्शाई गई आकृतियाँ किस गतिविधि में संलग्न हैं?
a. बाज (हॉक) के साथ शिकार करना
b. गेंद का खेल खेलना
c. शाही दरबार में प्रस्तुति देना
d. तीरंदाजी का अभ्यास करना

**2.** *'फलक पर बाज पक्षी'* चित्र में निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अंकित नहीं है?
a. जहाँगीर पातस्याह
b. बहरी
c. उत्तम
d. उस्ताद

**3. कथन (A):** 'मदर टेरेसा' चित्र करुणा तथा निःस्वार्थ सेवा की भावना को प्रकट करता है।
**कारण (R):** कलाकार ने शांति के प्रतीक के रूप में चमकीले लाल रंग का उपयोग किया है।

a. A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है
b. A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता
c. A सत्य है, परन्तु R असत्य है
d. A असत्य है, परन्तु R सत्य है

**4.** भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में कौन-सा रंग साहस और बलिदान का प्रतीक है?
a. सफेद
b. हरा
c. केसरिया
d. नीला

**5.** *'मारू रागिनी'* चित्र मुख्यतः किस दृश्य को प्रस्तुत करता है?
a. एक शाही दम्पति की प्रेमपूर्ण यात्रा
b. श्रीकृष्ण का गोपियों के साथ नृत्य
c. युद्ध में संलग्न एक योद्धा
d. किसी उत्सव या समारोह का दृश्य

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा मुगल शैली का चित्र सरल एवं शांत ग्रामीण जीवन को दर्शाता है?
a. कबीर और रैदास
b. दारा शिकोह की विवाह-बारात
c. मारू रागिनी
d. श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाना

**7. कथन (A):** पी.वी. जंकीराम द्वारा निर्मित 'गणेश' प्रतिमा में ऑक्सीकरण किए गए ताँबे, टिन तथा तार का उपयोग किया गया है।
**कारण (R):** इन सामग्रियों का चयन देवता के आधुनिक एवं अमूर्त रूप को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से किया गया है।

a. A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है
b. A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता
c. A सत्य है, परन्तु R असत्य है
d. A असत्य है, परन्तु R सत्य है

**8.** *'हजरत निजामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो'* चित्र में प्रदर्शित दृश्य का भाव किस प्रकार का है?
a. चंचल एवं सामान्य
b. भक्तिमय एवं शांत
c. प्रतिस्पर्धात्मक एवं ऊर्जावान
d. उत्सवपूर्ण एवं भीड़-भाड़ वाला

**खंड-ख**

**9.** ये दोनों चित्र भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को दर्शाते हैं, जिनमें प्रत्येक का भाव एवं प्रस्तुति भिन्न है।

i. चित्रकार का नाम तथा चित्र की उप-शैली (Sub-school) लिखिए।
ii. चित्र की विषयवस्तु का संक्षिप्त वर्णन कीजिए तथा उसमें निहित किसी एक प्रमुख सौंदर्य विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(A) श्रीकृष्ण गोपियों के साथ
अथवा
(B) झूले पर श्रीकृष्ण

**10.** आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित बंगाल शैली का एक चित्र संध्या के समय कोमल प्रकाश में बोझ लादे हुए एक ऊँट को दर्शाता है।

i. इस चित्र का नाम तथा उसके चित्रकार का नाम लिखिए।
ii. चित्र की विषयवस्तु का संक्षिप्त वर्णन कीजिए तथा उसमें निहित किसी एक मानवीय मूल्य का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित एम. ए. आर. चुगताई द्वारा निर्मित एक चित्र में एक स्त्री का सुसज्जित एवं सौम्य चित्रण प्रस्तुत किया गया है।

i. इस चित्र का शीर्षक तथा प्रयुक्त माध्यम लिखिए।
ii. चित्र में स्त्री की मुद्रा का वर्णन कीजिए तथा उससे प्रकट होने वाले भाव को स्पष्ट कीजिए।

**11.** निम्नलिखित चित्रों में स्त्रियों का सौम्य एवं आकर्षक चित्रण किया गया है—एक में घरेलू परिवेश तथा दूसरे में शाही खेल का दृश्य प्रस्तुत है।

i. चित्रकार का नाम तथा प्रयुक्त माध्यम लिखिए।
ii. चित्र में दर्शाई गई स्त्रियों के वस्त्रों का वर्णन कीजिए।

(A) हल्दी पीसती हुई महिलाएँ
अथवा
(B) चाँद बीबी पोलो खेलते हुए

**12.** आपके पाठ्यक्रम के ये चित्र विशाल जनसमूह को दर्शाते हैं, जिनमें अनेक सूक्ष्म एवं विस्तृत आकृतियाँ सम्मिलित हैं।

i. चित्रकार का नाम तथा प्रयुक्त माध्यम लिखिए।
ii. चित्र की विषयवस्तु का वर्णन कीजिए तथा उसमें दिखाई देने वाली किसी एक प्रमुख सौंदर्य विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(A) दारा शिकोह की विवाह-बारात
अथवा
(B) नंद, यशोदा और श्रीकृष्ण अपने संबंधियों के साथ वृंदावन जाते हुए

**13.** आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित किशनगढ़ शैली का एक प्रसिद्ध चित्र राधा को आदर्श सौंदर्य के रूप में प्रस्तुत करता है।

i. इस चित्र का नाम तथा चित्रकार का नाम लिखिए।
ii. चित्र की विषयवस्तु का संक्षिप्त वर्णन कीजिए तथा उसकी सौंदर्यात्मक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

राजस्थानी शैली का एक चित्र दो भाइयों के भावनात्मक मिलन को दर्शाता है।

i. इस चित्र का नाम लिखिए तथा इससे प्राप्त होने वाले किसी एक मानवीय मूल्य का उल्लेख कीजिए।
ii. चित्र की विषयवस्तु का वर्णन कीजिए तथा उसकी किसी एक प्रमुख सौंदर्य विशेषता को स्पष्ट कीजिए।

**खंड–ग**
(तीन में से किसी दो प्रश्नों के उत्तर दें – प्रत्येक 6 अंक – लगभग 200 शब्दों में)

**14.** आपके पाठ्यक्रम का एक चित्र रामायण के एक अत्यंत प्रभावशाली प्रसंग को प्रस्तुत करता है, जिसमें समुद्र देवता दिव्य शक्ति के समक्ष विनम्र हो जाते हैं।

i. इस चित्र का शीर्षक, चित्रकार का नाम, प्रयुक्त माध्यम तथा इससे प्राप्त होने वाला एक प्रमुख मूल्य लिखिए।
ii. चित्र की विषयवस्तु का वर्णन कीजिए तथा उसमें प्रयुक्त रंग योजना का संक्षिप्त विवरण दीजिए।
iii. चित्र में कलाकार द्वारा प्रस्तुत संरचना (Composition) के विषय में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**15.** आपके पाठ्यक्रम की एक मूर्ति में आदिवासी लोगों को अपने सामान के साथ एक साथ चलते हुए तथा उनके साथ एक पशु को दर्शाया गया है।

i. इस मूर्ति का शीर्षक, मूर्तिकार का नाम तथा मूर्ति की विषयवस्तु लिखिए।
ii. इस कलाकृति में निहित किसी दो प्रमुख मानवीय मूल्यों का उल्लेख कीजिए।
iii. मूर्ति की संरचनात्मक व्यवस्था (Composition) का वर्णन कीजिए, विशेष रूप से आकृतियों की स्थिति एवं प्रयुक्त सामग्री पर प्रकाश डालते हुए।

**16.** नीचे दिए गए चित्र का अध्ययन कीजिए

i. चित्र का शीर्षक, चित्रकार का नाम, प्रयुक्त माध्यम तथा उसके निर्माण का काल लिखिए।
ii. चित्र में श्रीकृष्ण को केंद्रीय आकृति के रूप में किस प्रकार दर्शाया गया है तथा अन्य तत्व किस प्रकार कथा को समर्थ बनाते हैं, इसका वर्णन कीजिए।
iii. मुगल लघुचित्र शैली की प्रमुख विशेषताओं पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

